Title: Need to release adequate funds for early construction of National Highway between Nasirabad and Mahu in Madhya Pradesh - Laid.

डॉ.लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : महोदय, दिल्ली-मुम्बई के बीच सड़क यात्रा के लिए राट्रीय राजमार्ग जो दिल्ली-जयपुर-अजमेर-नसीराबाद से महू होकर मुम्बई तक जाता है, उसके बीच का नसीराबाद से महू तक राट्रीय राजमार्ग नहीं था जबकि शे समस्त मार्ग राट्रीयकृत राजमार्ग था। किन्तु विगत दो वा पूर्व इस मध्य भाग को भी राट्रीय राजमार्ग में ले लिया गया है तथा इसकी विधिवत राजपत्र में अधिसूचना भी जारी की जा चुकी है। यह मार्ग दिल्ली-मुम्बई के मध्य एक ऐसा सुरक्षित मार्ग है जिस पर प्रतिदिन हजारों ट्रक, बस तथा निजी गाड़ियों का आवागमन होता है। यह एक बहुत ही व्यस्त राजमार्ग है।

वर्तमान में नसीराबाद-महू जिसको राट्रीय राजमार्ग घोाित कर दिया गया है। यह एक ओर नसीराबाद के आमी सेन्टर से तथा दूसरी ओर महू के सेना केन्द्र से जुड़ा होने के कारण अत्यधिक महत्व रखता है। इस मार्ग में कई चीनी, कपड़ा और तेल मिलें आदि हैं।

अत: मेरा माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध है कि उपरोक्त नसीराबाद-महू राजमार्ग को राट्रीय राजमार्ग के मापदण्डों के अनुरूप बनाये जाने हेतु आवश्यक धनराशि आबंटित कर योग्य निर्देश प्रदान करने का कट करें।